प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को दी मंजूरी : आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर देगा अपनी सिफारिशें।
2. उत्तर प्रदेश समेत 12 राज्यों में मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया आज से हुई शुरू : निर्वाचन आयोग 7 फरवरी, 2026 को प्रकाशित करेगा अंतिम मतदाता सूची।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा का किया स्वागत : कहा– त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण की प्रतीक है यह यात्रा।
4. लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ सम्पन्न : व्रती श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ की पूजा–अर्चना, बांटा प्रसाद। और
5. चक्रवाती तूफ़ान मोन्था के कारण प्रदेश के कई ज़िलों में बदला मौसम : मौसम विभाग ने अगले 4 से 5 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का जताया अनुमान।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दे दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आयोग अपने गठन की तिथि से 18

महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। उन्होंने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य–सचिव होंगे। बाइट.....

*एट्‌थ पे कमीशन को आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने अप्रूव किया और यह बहुत बड़ा महत्वपूर्ण फैसला है। अब करीब–करीब सभी राज्य सरकारों ने इसमें सहयोग दिया है। 18 मंथ्स के अंदर यह रिपोर्ट आएगी इसकी एट्‌थ पे कमीशन। जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई को इसका चेयरपर्सन बनाया गया। आप सब बुला घोष फ्रॉम एंड मिस्टर पंकज जैन हु इज सेक्रेटरी पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस दे ही विल बी द मेंबर्स ऑफ।*

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025–26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को भी स्वीकृति दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी 2025 के लिए लगभग 37 हजार नौ सौ 52 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। ये दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी।

————————

भारत निर्वाचन आयोग ने द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश समेत देश के 12 राज्यों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर कराने का निर्णय लिया है। इस अभियान की शुरुआत आज से हो गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कल नई दिल्ली में कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। प्रदेश के 1 लाख 62 हजार 486 बूथों पर एक साथ यह पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। गणना प्रपत्रों की

छपाई और बीएलओ का प्रशिक्षण आज से शुरू हो गया है। गणना प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू होगी, मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी राजनीतिक दलों और मतदाताओं से अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है।

————————

एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंची केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराना चुनाव आयोग की ज़िम्मेदारी है। ऐसे में एक संवैधानिक संस्था के रूप में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर चुनाव आयोग अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है। बाइट.....

*स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू का जहां तक सवाल है, यह एक जरूरी औपचारिकता है कि हर राज्य के अंदर जो मतदाता इलेक्टोरल रोल है, उसका रिवीजन हो और इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है जो चुनाव आयोग को नहीं करना चाहिए। जो मतदाता मृतक हो चुके हैं या जिन मतदाताओं के नाम का डुप्लिकेशन है, उसे हटाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है और चुनाव आयोग पूरी निष्पक्षता के साथ काम कर रहा है।*

————————

सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा के पवित्र जोड़ा साहिब का आज लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल श्रद्धा नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देने वाली है। बाइट....

*इस यात्रा के माध्यम से हमें भारत की गुरु परंपरा और सिख परंपरा पर गौरव की अनुभूति करने का एक अवसर तो यह प्रदान करता ही है। हमें एक नई प्रेरणा भी प्रदान होती है कि त्याग और बलिदान पर लिखी हुई कोई भी इतिहास की वह कथा ना केवल वर्तमान के लिए आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक नई प्रेरणा होती है और आज यह प्रेरणा हम सबको यात्रा के माध्यम से प्राप्त हो रही है।*

23 अक्टूबर को नई दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा प्रदेश के 16 जिलों से होकर गुज़रेगी और 21 अक्टूबर को पटना में तख्त श्री हर मिंदर जी गुरुद्वारे पर पहुंचकर सम्पन्न होगी।

———————

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी दरों में कटौती से बड़ी संख्या में लोग लाभांवित हो रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट...

*नई जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने स्टेशनरी की वस्तुओं पर महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। नए कर ढांचे के तहत, पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ़बुक, मानचित्र और चार्ट पूरी तरह से कर–मुक्त कर दिए गए हैं। इन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था। इसी प्रकार इरेजर जो पहले 5 प्रतिशत टैक्स स्लैब में आती थी, उसे भी कर मुक्त कर दिया गया है। इन सुधारों ने आवश्यक स्टेशनरी वस्तुओं को और अधिक*

*किफायती बना दिया है, जिससे छात्रों के लिए सीखने की लागत कम हुई है और घरेलू निर्माताओं की मांग बढ़ी है। जीएसटी में कमी से न केवल शिक्षण उपकरण सस्ते हुए हैं, बल्कि देश भर में शिक्षा तक पहुँच भी बढ़ी है। शिवांगमिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। व्रती श्रद्धालुओं ने अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद वितरित किया और अपना व्रत पूर्ण किया। एक रिपोर्ट.....**

*नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय महापर्व छठ आज उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न होगया। छठ पर्व को लेकर पूरे प्रदेश में विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोगोंमें भारी उत्साह रहा। आज तड़के भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने, नदियों, सरोवरोंऔर छठ पर्व के लिए बनाए गये अस्थायी पोखरो के किनारे उगते हुए भगवान सूर्य को पूरेविधि विधानसे अर्घ्य अर्पित कर मंगलकामना की। इस दौरान जगह–जगह छठ पर्व से जुड़े पारम्परित लोक गीत गाए गए। इससे पहले कल शाम व्रती*

*श्रद्धालुओं ने डूबते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।*

————————

छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और उनकी सुगम यात्रा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसी क्रम में आज लखनऊ मण्डल से नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त कुल 46 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि इन विशेष ट्रेनों में से अधिकतम ट्रेनें बिहार, झारखंड और पूर्वी भारत की दिशा में चलाई जा रही हैं। कुल 46 विशेष ट्रेनों में से 20 ट्रेनें बिहार की दिशा में संचालित हो रही है।

————————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह की तैयारियाँ तेज़ हो गई हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना प्रस्तावित है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर के शिखर पर फहराया जाने वाला ध्वज न केवल आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि निर्माण की पूर्णता का संदेश भी देगा। उन्होंने कहा कि ध्वज का भार करीब 11 किलो होगा ऐसे

में उसे फहराने के लिए सेना की मदद ली जा रही है।

बाइट.....

*जो पताका लहराया जाना है, वह एक बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि एक ऊंचाई पर जाएगा कोई 11 फीट का है और 22 फीट की चौड़ाई इस प्रकार का पताका है तो कल सेना के लोग आए थे और उन्होंने रिहर्सल किया हम उनकी राय को पूरा–पूरा क्रियान्वित करेंगे।*

————————

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए आज कानपुर आईआईटी से भेजे गए एयर क्राफ्ट सेसना ने बादलों में क्लाउड सीडिंग की। क्लाउड सीडिंग के ज़रिए कृत्रिम बारिश करा के प्रदूषण के स्तर को कम किया जाएगा। आज दिल्ली के खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार, भोजपुर और करोल बाग में क्लाउड सीडिंग की गई है जिससे दिल्ली के कुछ इलाकों में बारिश देखने को मिल सकती है।

————————

चक्रवाती तूफ़ान मोन्था के कारण प्रदेश के कई ज़िलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 4 से 5 दिनों के दौरान राज्य के अलग अलग क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान है। वहीं 30 और 31 अक्टूबर के दौरान राज्य के पूर्वी जनपदों में तेज़ हवाए चलने औऱ भारी बारिश की संभावना है।

(समाप्त)